कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा , राजस्थान बीकानेर

Email:- direleshaladarshan@gmail.com

क्रमांकः–शिविरा / प्रारं / शाला दर्शन / ए / 19402 / 5वीं परीक्षा / वोल्यूम–2 / 2016 / 356 दिनांकः– 25.01.2018

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान
बीकानेर ।

विषयः– जिला स्तरीय प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन–2018 हेतु ऑनलाईन आवेदन से वंचित रहे विद्यालयों, आवेदन में त्रुटि करने वाले विद्यालयों हेतु त्रुटि सुधार के क्रम में शाला दर्शन पोर्टल, शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राईवेट स्कूल पोर्टल पर मॉड्यूल खोलने के संबंध में ।

प्रसंगः– आपका पत्रांकः शिविरा / पविप / प्राशिअमू / 2018 दिनांकः 11.01.18 एवं एन.आई.सी. केन्द्र, जयपुर का ईमेल संदेश दिनांक 25.01.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके प्रासंगिक पत्र के क्रम में विद्यार्थी हित के मद्देनजर जिला स्तरीय प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन–2018 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन से वंचित रहे विद्यालयों एवं ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि करने वाले विद्यालयों के त्रुटि सुधार हेतु अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 25.01.2018 से 05.02.18 तक शाला दर्शन पोर्टल, शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राईवेट स्कूल पोर्टल पर संबंधित मॉड्यूल खुलवाया गया है। अतः इस क्रम में प्राचार्य, डाईट्स समस्त, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा.शि. समस्त एवं उपनिदेशक, प्रा.शि. समस्त को सूचित कर पाबन्द किया जावे कि वे संबंधित विद्यालयों को इससे सूचित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करावें तथा यह सुनिश्चित करावें कि इसके उपरांत कोई भी पात्र विद्यार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन से वंचित नहीं रहे। इसके उपरांत कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा ।

उक्त अवधि में ऐसे विद्यालय जिनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन नहीं किया गया अथवा ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में कोई कमी रही है, वे उक्त अवधि में ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लेवें। यदि किसी विद्यालय के कुछ विद्यार्थी जुडने से रह गये हैं तो उनके द्वारा उन विद्यार्थियों को भी पोर्टल पर जोडा जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी। इसके अलावा विद्यालयों द्वारा उक्त परीक्षा हेतु आवेदित परीक्षार्थियों की सूची भी प्राप्त की जा सकेगी।

ऐसे विद्यालय जिनके द्वारा पूर्व में ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, उनको भी निर्देशित किया जावे कि यदि ऑनलाईन आवेदन की प्रविष्टियां विशेषतः विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, जन्मतिथि आदि के कोई परिवर्तन अथवा अपडेशन की आवश्यकता है तो उसमें सुधार कर लिया जावे क्योंकि उक्त परीक्षा की अंकतालिका / ग्रेडिंगयुक्त प्रमाण–पत्र में यही प्रविष्टियां मुद्रित होंगी तथा बाद में डाईट स्तर से इनमें किसी प्रकार का सुधार संभव नहीं होगा।

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / प्रारं / शाला दर्शन / ए / 19402 / 5वीं परीक्षा / वोल्यम–2 / 2016 / 356 दिनांकः– 25.01.2018

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1– प्रमुख प्रणाली विश्लेषक, एन.आई.सी. केन्द्र, जयपुर ।

2–जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा समस्त / प्रधानाचार्य, डाईट समस्त को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना से संबंधित निःशुल्क विज्ञप्ति स्थानीय सामाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित करवाकर संबंधित विद्यालयों को सूचित करावें।

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com